52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 16.3 °c | अधिकतम 32.4 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:24 सूर्यास्त : 5:42 | वर्ष : 52/ अंक : 292 | सोमवार, 21 अक्टूबर 2024 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष, पंचमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-04

अमृतवाणी

अक्सर जिन्दगी के सवाल, जिन्दगी के जवाबों से कहीं ज्यादा कठिन होते हैं।

राहुल गांधी को नहीं पता, क्या बोलना चाहिए उनके सलाहकार टुकड़े-टुकड़े गैंग का हिस्सा रहे हैं : बृजभूषण शरण सिंह

अब तो सलाहकार भी टुकड़ों-टुकड़ों में बंटते जा रहे हैं.....

करवा चौथ पर संवरी सुहागिनें, इठलाई नव वधुएं

- दांपत्य प्रेम के अनूठे पर्व पर परंपरागत तरीके के साथ हुई पूजा अर्चना
- संध्या के समय बायना पूजन और चंद्रमा के साथ किए सुहाग के दर्शन

मुजफ्फरनगर, 20 अक्टूबर (बु.)। सजी धजी सुहागिनें, इठलाती नव वधुएं और छत पर चांद दिखने का इंतजार। धरती के चंद्रमाओं ने आसमान के चंद्रमा को निहारा और इसके साथ ही अर्घ्य देकर परिवार के बुजुर्गों से दीर्घ जीवन और सुख शांति का आशीर्वाद प्राप्त किया और दिन भर अपने सुहाग की लंबी आयु के लिए रखा व्रत खोला। इस तरह करवाचौथ का व्रत पूरे उल्लास और परम्परागत आयोजनों के साथ संपन्न हुआ।

कार्तिक कृष्णपक्ष की चतुर्थी पर आज करवा चौथ का पर्व परंपरागत आयोजनों के साथ मनाया गया। अपने सुहाग की दीर्घायु और सुख समृद्धि की कामना के साथ इस व्रत के आयोजन में सुबह मुहं अंधेरे उठकर व्रत रखने वाली महिलाओं ने सरगई खाकर अपने व्रत का प्रारंभ किया। इसके बाद दोपहर को समूह में करवाचौथ व्रत की कथा सुनी गई और बड़ी संख्या में महिलाओं ने पूरे दिन निर्जल रहकर व्रत रखा। ऐसे में दिन भर घर में पकवान बनाने का काम चला और शाम होते ही करवा और बायना पूजने के साथ परिवार के बुजुर्गों को बायने के रूप में उपहार दिया गया। इसमें पकवान के साथ वस्त्र और नगद धनराशि अपने सामर्थ्य के अनुसार रखी गई। बुजुर्गों के पांव छूकर सुहागिनों ने उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। बुजुर्गों ने भी उन्हें सदा सुहागन रहने, दीर्घायु, स्वास्थ्य और समृद्धि के आशीष दिए। इसके साथ ही चंद्रमा के दर्शन के लिए आसमान पर टकटकी लगाने का क्रम शुरू हुआ। ऐसे में दिन भर की आराधना और भूख प्यास की तपस्या के बाद एक-एक पल काफी भारी लगता दिखाई दिया। जैसे ही पूर्व दिशा में क्षितिज पर चंद्रमा की उजास दिखाई दी तो बच्चों ने शोर मचाकर आसपास के घरों तक यह सूचना पहुंचाई। इसके बाद व्रत धारी सुहागिनों ने चंद्रमा को अर्घ्य दिया और छलनी में चंद्रमा के साथ अपने सुहाग को निहार कर उनके दीर्घायु होने की कामना की। पतियों ने पानी पिलाकर उनका उपवास संपन्न कराया। इस तरह परिवारों में इस पर्व का उत्साह बिखरा नजर आया। करवा चौथ पर नवविवाहिताओं का जोश अलग था। पहली बार व्रत रखने वाली इन विवाहिताओं ने बुजुर्गों की देखरेख में पर्व के समस्त संस्कारों का पालन किया। परंपरा यह है कि नव वधुएं पहली करवा चौथ अपने मायके में मनाती हैं। ऐसे में ससुराल से परिवार के बड़े जिनमें आम तौर पर ससुर या जेठ आदि होते हैं, बायना लेने के लिए बहू के मायके में जाते हैं। पहली करवा चौथ मना रही नव विवाहिताओं के घरों पर आज पर्व का उत्साह ही अलग था। वहां मेहमानों की चहल पहल के साथ नव विवाहिताओं का पर्व को लेकर उल्लास अलग ही नजर आया। नव विवाहिताओं में आज इस पर्व पर नए अनुभव के साथ सजने संवरने का खास चाव दिखा। शादी के बाद पहली करवा चौथ का व्रत उनके लिए नए अनुभव का त्यौहार भी था, ऐसे में उनका त्यौहार के प्रति अलग ही उत्साह दिखा। बायना पूजन के साथ उन्हें ढेर सारे उपहार भी मिले।

रोहिणी में सीआरपीएफ स्कूल के पास जोरदार विस्फ़ोट

नयी दिल्ली, 20 अक्टूबर (वार्ता) दिल्ली के रोहिणी सेक्टर-14 में सीआरपीएफ स्कूल के पास रविवार को जोरदार धमाके से आसपास खड़ी गाड़ियों के शीशे टूट गये और इलाके में अफरा-तफरी मच गयी। रोहिणी जिले के पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि सुबह 7:47 में हुआ धमाका इतना जोरदार था कि उसकी वजह से आसपास खड़ी गाड़ियों के शीशे टूट गये। साथ ही कुछ दुकानों को भी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने बताया कि तेज धमाके के बाद धुएं का गुबार उठा जिससे पुलिस और स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। अब तक यह पता नहीं चल पाया है कि धमाका किस चीज में हुआ। पुलिस ने धमाके के कारणों का पता लगाने के लिए विशेषज्ञों की टीम बुलायी है, जो इस घटना की जांच करेगी। घटनास्थल पर एनएसजी के साथ दमकलकर्मी, दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल और एफएसएल, अपराध की टीम पहुंच गयी है और पूरे मामले की जांच की जा रही है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि यह कोई हमला था या हादसा।

मशहूर शायर फहमी बदायूंनी का 72 साल की उम्र में हुआ निधन

बदायूं, 20 अक्टूबर (एजेंसी)। साहित्य जगत में रविवार को बड़ी क्षति हुई। मशहूर शायर फहमी बदायूंनी का 72 साल की उम्र में निधन हो गया। रविवार को उन्होंने बदायूं के बिसौली कस्बा स्थित अपने घर पर अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर मिलते ही साहित्य जगत में शोक की लहर दौड़ गई। फहमी बदायूंनी पिछले एक महीने से बीमार चल रहे थे। दिल्ली के एम्स में उनका इलाज भी हुआ था। पिछले तीन दिन से उनकी तबीयत ज्यादा खराब थी। वह कुछ खा भी नहीं पा रहे थे। रविवार को उन्होंने बिसौली स्थित अपने घर पर अंतिम सांस ली। हमी बदायूंनी का जन्म चार जनवरी 1952 को बिसौली के मोहल्ला पठानटोला में हुआ था।

पति की लंबी उम्र के लिए सुहागिनों ने रखा करवा चौथ का व्रत, सुख-समृद्धि संग मांगा स्वस्थ जीवन

पति के नाम की मेहंदी रचाकर महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत

मीरापुर, 20 अक्टूबर (बु.)। मीरापुर क्षेत्र में करवा चौथ का पर्व महिलाओं ने परंपरागत तरीके से मनाया, करवा चौथ पर सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु के लिए निर्जला व्रत रखा। इस दौरान नवविवाहित युवतियों में व्रत को लेकर अधिक उत्साह नजर आया।

कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी के दिन करवा चौथ का व्रत सुहागिन महिलाओं द्वारा पति की लम्बी उम्र के लिए रखा जाता है। मीरापुर क्षेत्र में करवाचौथ के दिन सुहागिन महिलाओं ने अपने पति के लिए निर्जला व्रत रखा तथा सुहागिन महिलाओं ने अपने हाथों में पति के नाम की मेहंदी रचाई, विशेषकर नव विवाहित युवतियों में अपने पहले करवा चौथ पर्व को परम्परागत रूप से अपने मायके में मनाते हुए अपने हाथों की मेहंदी में पति के नाम लिखवाए, करवा चौथ के लिए विवाहित युवतियों व महिलाओं की ब्यूटी पार्लरों पर भारी भीड़ रही। महिलाओं ने घरों में तरह तरह के पकवान बनाये तथा घर की बुजुर्ग महिलाओं के साथ करवा चौथ के व्रत की कथा सुनी तथा अविवाहित लड़कियों से करवा भरवाने की रस्म कराकर परम्परागत बायना निकालकर एक दूसरे को दिया। वहीं पतियों ने भी अपनी पत्नियों को उपहार भेंट किये। रात्रि में चंद्रमा देखकर जल चढ़ाकर चंद्रमा की छाया में पति का छलनी में मुँह देखकर महिलाओं ने पति के हाथ से पानी पीकर अपना व्रत खोला।

आज का इतिहास

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 21 अक्टूबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं। 1296-अलाउद्दीन खिलजी ने दिल्ली की गद्दी संभाली। 1555-इंग्लैंड की संसद ने फिलिप को स्पेन के राजा के रुप मे मानने से मना किया था। 1577-गुरू रामदास ने अमृतसर नगर की स्थापना की थी। 1727-रूस और चीन ने सीमाओं को सही करने के लिए समझौते किये। 1931-प्रसिद्ध हिन्दी फिल्म अभिनेता शम्मी कपूर का जन्म हुआ। 1934-जयप्रकाश नारायण ने कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी का गठन किया। 1945-फ्रांस में महिलाओं को पहली बार वोट करने का अधिकार मिला। 1950-चीन ने तिब्बत पर अपना प्रभुत्व जमा लिया। 1951-भारतीय जनसंघ की स्थापना हुई। 1959-चीन और भारत की सेनाओं में भिडंत। 1990-दूरदर्शन ने दोपहर की हिंदी एवं अंग्रेजी समाचार ब्लूटेन सेवाएं आरंभ कीं। 1995-एल. के आडवानी चौथी बार निर्विरोध भाजपा के अध्यक्ष चुने गए। 1999-फिल्म निमार्ता बी.आर चोपड़ा को दादासाहेब फालके पुरस्कार। 2007-भारतीय मूल के अमेरिकी बॉबी जिंदल ने अमेरिका के लुसियाना प्रान्त के गवर्नर पद पर अपनी जीत दर्ज की। 2008-भारत एवं पाकिस्तान के बीच 61 वर्ष बाद कारवाँ-ए-तिजास शुरू हुआ। 2012-सायना नेहवाल ने डेनमार्क ओपन सुपर सीरीज खिताब जीता। 2012-भारतीय फिल्म निर्माता यश चोपड़ा का निधन हुआ।

दुकान के सामने गाड़ी खड़ी करने से मना करने पर नाराज हुए कार सवार युवकों ने सर्राफा बाजार में किया हंगामा, जमकर मचाया उत्पात

मीरापुर, 20 अक्टूबर (बु.)। कस्बे में सर्राफा बाजार में दुकान के सामने गाड़ी खड़ी करने से मना करने से नाराज युवक ने फोन करके अपने अन्य साथियों को मौके पर बुला लिया। कई कारों में सवार होकर आए दर्जनों युवकों ने गाड़ी खड़ी करने से मना करने वाले सर्राफ के साथ अभद्रता करते हुए काफी देर तक बाजार में उत्पात मचाया। सूचना पर पहुँची पुलिस आरोपी युवकों को थाने ले गयी। इस दौरान बाजार में काफी भीड़ जमा हो गयी। त्यौहारी सीजन में बाजार में भारी भीड़ चल रही है। शनिवार की देरशाम रामराज थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक अपनी कार से मीरापुर में खरीदारी के लिए आया था इस दौरान उसने सर्राफा बाजार में एक सर्राफ की दुकान के सामने अपनी कार खड़ी कर दी, जिस पर सर्राफ ने कार को पीछे खड़ी करने को कहा, आरोप है कि कार सवार युवक नाराज हो गया तथा उसने सर्राफ के साथ अभद्रता करते हुए फोन करके अन्य साथियों को बुला लिया, जिस पर कई अन्य गाड़ियों के काफिले में सवार होकर हाल ही में रामराज गन्ना समिति में डायरेक्टर बना युवक वहाँ पहुँचा तथा सर्राफ के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए। उक्त युवकों ने काफी देर गाली गलौज कर उत्पात मचाया। सूचना पर मीरापुर इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा भी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुँच गए तथा आरोपी युवकों को फटकार लगाते हुए गाड़ियों समेत थाने भेज दिया, जिसके बाद दर्जनों सर्राफा व्यापारी भी थाने पहुँच गए। सूचना पर आरोपी युवकों के परिजन भी थाने आ गए, जिसके बाद आरोपी युवक द्वारा माफी मांगने पर व्यापारियों ने मामलें को निपटा दिया।

पुलिस कर्मियों के साथ भी हुई अभद्रता

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार में सवार होकर पहुँचे आरोपी युवक जिस समय सर्राफ के साथ अभद्रता कर रहे थे तभी कुछ ही दूरी पर तैनात दो पुलिसकर्मियों ने मौके पर पहुँचकर युवकों को समझाने का प्रयास किया, किन्तु युवकों ने उनकी एक न सुनी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवकों ने पुलिसकर्मियों के साथ भी अभद्रता की थी।

133 कम्बल तथा 133 बच्चों को गरम जर्किन वितरित की गयी

डेरा सच्चा सौदा सेवादारों ने भण्डारे का आयोजन कर महाराज शाह मस्ताना का जन्मदिन मनाया

मुजफ्फरनगर, 20 अक्टूबर (बु.)। डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों ने बुढ़ाना रोड मानवता भलाई केन्द्र पर नाम चर्चा का आयोजन कर शाह मस्ताना का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर संगत द्वारा 133 कम्बल तथा 133 बच्चों को जर्किन वितरित कर शाह मस्ताना का जन्मदिन मनाया। इस मौके पर बुजुर्ग समिति सदस्य सोनू, हरिओम, ओमप्रकाश, देवेन्द्र कुमार मेरठ, जुगल किशोर, ऋषिपाल, सुधांशु, महीपाल, विपिन, जोगेन्द्र, राजपाल, पूरण, आशीष, अवनीश, आदेश, मुकेश राजकुमार, विजय, राजपाल, पंकज, नीरज, राजेश, फेरू आन्नद, जुगपाल, सुशील, प्रमोद, उमेश, पंकज, रविन्द्र, अमित, संजय, रामकुमार, बिजेन्द्र, मोनू, कैन्हया लाल, नीरज, वेदपाल, ऋषिपाल, सुशील, कशिश, कमलेश, सरोज, कमला, बीना, कुसुम, सरला, सन्तोष मौजूद रहे।

मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 20 अक्टूबर, (बु.)। मंडी में गुड़-शक्कर के भावः- ढैया 1430, रसकट ढैया 1100-1120, चाकू 1400-1611, लड्डू 1400-1450, खुरपापाड़ 1300-1360, शक्कर मसाला 1540-1570। आज की मंडी आमद- 6000 मन।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 20 अक्टूबर, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

सोना-	79400	चांदी-	93100
सिक्का-	11000	गिन्नी-	59385

आपका आज का राशिफल

सोमवार, 21 अक्टूबर, 2024

मेष- व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, शिक्षा एवं प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, मौज-मस्ती के निमित्त व्यय, मनोरंजन की ओर रुझान।

वृषभ- भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, प्रतिकूल परिस्थितियों पर विजय, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास सार्थक, बुद्धि का विकास, धार्मिक स्थलों की यात्रा से मन प्रसन्न।

मिथुन- स्वास्थ्य विपरीत, पारिवारिक उलझनें, प्रेम सम्बन्धों में अड़चनें, पठन-पाठन में अरुचि, विरोधी सक्रिय, धनहानि की आशंका, कार्यक्षमता में कमी, हानि भी।

कर्क- आर्थिक व्यावसायिक उन्नति का सुअवसर, विशिष्टजनों से सम्पर्क, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, इच्छित पद की प्राप्ति, मान-सम्मान का सुयोग।

सिंह- भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, आ्रथिक उन्नति, धनागम का सुयोग, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला सुलझने की ओर, जीवनसाथी से अपेक्षित सहयोग।

कन्या- अभीष्ट सिद्धि का प्रयास सार्थक, विशिष्टजनों से सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त, घरेलू वातावरण सुखद, पठन-पाठन में रुचि, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय।

तुला- दिनचर्या अव्यवस्थित, सहयोगियों से विवाद की आशंका, दाम्पत्य जीवन में मतभेद, यात्रा में निराशा, पठन-पाठन में अरुचि, नवीन समस्याएँ प्रभावी।

वृश्चिक- कुछेक समस्याओं का समाधान, नवयोजना दृष्टिगत, बकाए धन की प्राप्ति, धार्मिक कार्यों में रुचि, वैवाहिक सम्बन्धों में सुधार, मानसिक शांति, लाभ भी।

धनु- बहुप्रतीक्षित कार्यों में सफलता, नवयोजना दृष्टिगत, आर्थिक-व्यावसायिक उन्नति, अध्यात्म के प्रति आस्था, जनकल्याण भावना, नवसम्पर्क लाभदायी।

मकर- आर्थिक प्रगति, दूसरों की सलाह से कामयाबी, सुसमाचार की प्राप्ति, नौकरी में प्रोन्नति, उत्तरदायित्व का निर्वाह, मित्रों से अपेक्षित सहयोग, धनागम भी।

कुम्भ- समय असंतोषजनक, लाभार्जन में कमी, आत्मिक शांति का अभाव, धर्म के प्रति अरुचि, मित्रों से मतभेद, कर्ज से परेशान, यात्रा से निराशा, विवाद से हानि।

मीन- विचाराधीन योजना को मूर्तरूप में परिणित, सामाजिक कृत्यों से सुयश की प्राप्ति, परिवार में हर्षोल्लास, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास, आत्मीयजनों में मधुरता।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

श्री राम कॉलेज में सोशल मीडिया पर वाद-विवाद प्रतियोगिता संपन्न, छात्रा प्राची चौधरी रही अव्वल

मुजफ्फरनगर, 20 अक्टूबर (बु.)। श्री राम कॉलेज के व्यवसाय एवं प्रबंधन विभाग मे वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका शीर्षक सोशल मीडिया सार्थक मानवीय संबंधों को प्रोत्साहित करता रहा है, जिसमें सकारात्मक दृष्टिकोण, सकारात्मक दृष्टिकोण और संतुलित दृष्टिकोण मे होने वाले प्रयोग और अनुप्रयोग पर चर्चा हुई, जिस तरह से सोशल मीडिया के आने से मानव जीवन सुगम और सरल हुआ है उसी तरह कुछ अंजान खतरों की तरफ मानव जीवन अग्रसर है। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बी.बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा प्राची चौधरी ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर शालू राणा बीबीए प्रथम वर्ष तथा तृतीय स्थान शिवम कुमार बीबीए द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथी श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलिजेज के चेयरमैन डा. एससी कुलश्रेष्ठ ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा उनको सोशल मीडिया के उचित प्रयोग के बारे में जानकारी दी। श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डा. प्रेरणा मित्तल ने विद्यार्थियों को बताया कि सोशल मीडिया और प्रबंधन का जीवन में किस प्रकार उपयोग मानव जीवन को सरल बनाता है। डीन डा. सौरभ मित्तल ने कहा आधुनिक समय में सोशल मीडिया को बढ़ावा मिलना चाहिए। श्री राम कॉलेज आईक्यूएसी कॉर्डिनेटर डा. विनीत शर्मा ने बताया कि किस तरह आधुनिक समय मे सोशल मीडिया के बिना जीवन कार्यहीन सा प्रतीत होता है। संचालन व्यवसाय एवं प्रबंधन विभाग के प्रवक्ता अंकुश रावल ने किया। डा. विवेक कुमार त्यागी, हिमांशु वर्मा, अंकुल रावल, शिवानी शर्मा, निशी ठाकुर, सागर शुक्ला, जतिन सिंघल, पूनम शर्मा, कपिल देशवाल, मोनिका राठी, तन्नु त्यागी, जैबा, स्वाति तायल, डा. अतुल वर्मा, नीशु वर्मा, अंशुल त्यागी मौजूद रहे।

नाला खोदाई के दौरान दो मजदूरों की मौत

उन्नाव, 20 अक्टूबर (एजेंसी)। उन्नाव-रायबरेली राजमार्ग पर सिकंदरपुर कर्ण अंडरपास के नजदीग नाला निर्माण के लिए खोदी गई मिट्टी का ढेर अचानक फैट कर फैल जाने से तीन श्रमिक 12 फिर गहरे नाले के अंदर दब गए। आनन-फानन तीनों को निकाल कर अस्पताल पहुंचाया गया जहां दो को मृत घोषित कर दिया गया। एक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। उन्नाव-रायबरेली हाईवे पर सिकंदरपुर कर्ण के अंडर पास और सर्विस रोड के किनारे जल निकासी के लिए भूमिगत पाइप लाइन डाली जा रही है। बड़े पाइप डालने के लिए रविवार देर शाम 6:30 बजे जेसीबी से नाले की खुदाई की गई थी। इसके मिट्टी हटाने और ह्यूम पाइप डालने के काम में पीएनसी के ठेकेदार ने कई श्रमिक लगाए थे। नाले की सफाई के दौरान ही जेसीबी से खोदकर एकत्र किया गया मिट्टी का बड़ा ढेर अचानक फट गया। इससे नाले के अंदर काम कर रहे श्रमिकों में बहराईच के गांव केंतूर निवासी अवधराम वर्मा (40) पुत्र ब्रम्हा, बाराबंकी जिले के रामनगर कटियारा निवासी शिवकुमार (50) पुत्र रामनारायण चौहान और रायबरेली जिले के थाना गदागंज के तुलई लोध का पुरवा निवासी गणेश (35) पुत्र हरिश्चंद्र लोध मिट्टी में दब गए।

कांशीराम कालोनी में मंत्री कपिल देव ने सुहागिनों को बांटी साड़ी, देश के सैनिकों को किया सलाम

लायंस क्लब उन्नति ने करवा चौथ पर्व पर किया साड़ी वितरण, दी शुभकामनाएं

मुजफ्फरनगर, 20 अक्टूबर (बु.)। योगी सरकार में राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने त्यौहारी सीजन के बीच रविवार को करवा चौथ पर्व पर लायंस क्लब उन्नति के साड़ी वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहते हुए कांशीराम आवासीय कालोनी में निवास कर रही सुहागिन महिलाओं को साड़ी व श्रृंगार सामग्री का वितरण करते हुए उन्हें बधाई दी। लायंस क्लब उन्नति की ओर से रविवार को आवास विकास कांशीराम कालोनी स्थित शिव मंदिर में निःशुल्क साड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल का क्लब के अध्यक्ष सीए मनीष मित्तल ने स्वागत किया। कार्यक्रम में इस दौरान कांशीराम आवासीय कालोनी में अपने परिवारों के साथ रह रही महिलाओं को क्लब द्वारा साड़ी व श्रृंगार सामग्री का वितरण किया गया। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि आज सौभाग्यवती होने के आशीर्वाद का पर्व करवा चौथ है और ऐसे में लायंस क्लब उन्नति ने पात्र महिलाओं को साड़ी वितरण करके सराहनीय पहल की है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं अपने पति के दीघार्यु होने और स्वस्थ व संपन्न जीवन की मंगल कामना के लिए व्रत करेंगी, पूजा करेंगी, लेकिन ऐसे में हमें उन साहसी सिपाहियों को याद करना चाहिए जो देश की सेवा और सुरक्षा के लिए अपने घर और परिवार को छोड़कर सीमाओं पर तैनात हैं। उन्होंने युवाओं से भी आह्वान किया कि वो देश के लिए अपना योगदान देने के लिए आगे आयें। इस दौरान अजय अग्रवाल, रीना अग्रवाल, अतुल ऐरन, नरेश शर्मा, ममता अग्रवाल, मनीष बंसल, अमित मित्तल, अनुज मित्तल सहित अन्य पदाधिकारी और अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।

फर्जी दस्तावेजों से नौकरी पाए आठ सरकारी शिक्षक बर्खास्त

नौकरी के समय लिए गए वेतन की आरोपियों से वसूली की तैयारी में जुटा शिक्षा विभाग

इटावा, 20 अक्तूबर। उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नौकरी पाए आठ सरकारी शिक्षकों को जांच के बाद तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया गया है। इटावा के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ.राजेश कुमार ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इटावा जिले में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के फर्जी अंकपत्र से नौकरी पाने वाले आठ शिक्षकों की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। इनमें से एक शिक्षिका सेवाएं समाप्ति की कार्रवाई से पहले ही त्यागपत्र दे चुकी है। अब विभाग बर्खास्त शिक्षकों से वसूली समेत अन्य कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। डा. कुमार ने बताया कि फर्जी अभिलेखों से आठ शिक्षक अलग-अलग परिषदीय विद्यालयों में नौकरी कर रहे थे। इन शिक्षकों ने 2011 में टीईटी में फेल होने पर फर्जी प्रमाणपत्र लगाकर नौकरी हासिल की थी। उन्होंने बताया कि विभागीय स्तर पर 2020 में हुए सत्यापन में इनके अंकपत्र फर्जी मिले थे। इस पर सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की संस्तुति की गई थी। इस दौरान आदेश के खिलाफ शिक्षक कोर्ट चले गए थे।

याचिका पर सुनवाई के दौरान न्यायालय ने मामले में फिर से जांच के आदेश दिए थे। इस पर बीईओ मुख्यालय उदय सिंह राज की ओर से मामले की दोबारा जांच की गई। दोबारा जांच में भी फर्जी अंकपत्र की बात पुष्ट होने पर चार अक्तूबर को नियुक्ति निरस्त करने की कार्रवाई की गई। इन शिक्षकों में चार ताखा, दो चकरनगर, एक बसरेहर और एक भरथना विकास खंड के हैं। कार्रवाई की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी है। चकरनगर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय चौरेलापार के शिक्षक सौरभ श्रीवास्तव, उच्च प्राथमिक विद्यालय कचहरी के उपेंद्र यादव, बसरेहर के संतोषपुरा घार की रश्मी वर्मा, भरथना के ऊमरसेंड़ा विद्यालय के योगेंद्र कुमार, ताखा के प्राथमिक विद्यालय सरावा के राजवीर सिह, प्राथमिक विद्यालय भागा के विकास कुमार, प्राथमिक विद्यालय रिदोली के दिलीप सिह और उच्च प्राथमिक विद्यालय कुदरैल के शैलेंद्र प्रताप पर कार्रवाई की गई है। रश्मि वर्मा ने पहले ही इस्तीफा दे दिया था। कुमार ने बताया कि शासन की ओर से नए आदेशों का इंतजार किया जा रहा है नए जो भी आदेश आयेगे उसी अनुरूप अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

शंकरा अस्पताल काशी को स्वास्थ्य हब के रूप में स्थापित करने में होगा सहायक: योगी

वाराणसी, 20 अक्टूबर (वार्ता)। उत्तर प्रदेश के काशी में आर जे शंकरा नेत्र चिकित्सालय के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह अस्पताल काशी को स्वास्थ्य हब के रूप में स्थापित करने में सहायक होगा। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम को कांची काम कोटि के जगद्गुरू शंकराचार्य विजयेंद्र सरस्वती की मौजूदगी में संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में काशी में स्वास्थ्य के क्षेत्र में जबरदस्त काम हुआ है।

यहां ढाई हजार करोड के स्वास्थ्य क्षेत्र के विकास के काम हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और मार्ग दर्शन में काशी में 10 वर्षों में स्वास्थ्य के साथ साथ विकास और शिक्षा के क्षेत्र में भी बड़ा काम हुआ है। योगी ने कहा कि आज पूर्वी उत्तर प्रदेश के साथ साथ बिहार और आस पास के क्षेत्रवासियों को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल रहा है। इस दौरान जगद्गुरू शंकराचार्य विजयेंद्र सरस्वती ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार सुरक्षा और सुविद्या के लिएकाम कर रही है। यह सरकार विश्व में एक उदाहरण प्रस्तुत कर रही है। आज देश में काफी उन्नति और प्रगति हो रही है तो इसका कारण है कि देश में अच्छे नेता हैं और सबको जोडने वाले नेता के रूप में मोदी जी काम कर रहे हैं। वह ईश्वर की कृपा और संतों आर्शीवाद से जनता कीसेवा के काम में लगे हैं। उन्होंने कहा कि यह सरकार आमजन के साथ पशुओं के लिए भी उदारचित्त होकर काम कर रही है। महामारी में जन सामान्य को सरकार ने अन्न मुहैया कराया और जन कल्याण के लिए लगातार काम कर रही है। जगद्गुरू शंकराचार्य विजयेंद्र सरस्वती ने कहा कि देश में बौधिक विकास के साथ धर्म और संस्कृति का विकास भी जरूरी है। बहुमुखी प्रतिभा के धनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यूपी के उनके साथी योगी जी पूरा सहयोग दे रहे हैं। देश के उज्जवल भविष्य के लिए दोनों मिलकर काम कर रहे हैं। देश का भविष्य उज्जवल होगा तो दुनिया में शांति होगी और देश विश्व गुरू के रूप में स्थापित हो पायेगा। प्रधानमंत्री ने कुछ बच्चों को अपने हाथ से चश्मा पहनाकर आर्शीवाद भी दिया।

भोपा पुल पर हादसे में बाइक सवार घायल

मुजफ्फरनगर। देर रात भोपा पुल पर हादसे में एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। पुलिस भी मौके पर पहुंची और घायल युवक को अस्पताल भिजवाया। युवक की हालत गम्भीर बताई जा रही है।

सीएनजी की कीमतों में हो सकती है 4-6 रुपये की बढ़ोतरी

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर (एजेंसी)। सरकार ने शहरी खुदरा सप्लायर्स को सस्ती सीएनजी में कटौती की है। ऐसे में माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में सीएनजी की कीमतों में चार से छह रुपये की बढ़ोतरी हो सकती है। सूत्रों के हवाले से यह जानकारी सामने आई है। सूत्रों का कहना है कि हालांकि सरकार सीएनजी की बढ़ती कीमतों को उत्पाद शुल्क में कटौती करके नियंत्रित करने की कोशिश कर सकती है। सरकार ने प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में 20 प्रतिशत की कमी की है। गैस की सप्लाई में हो रही कटौती : अरब सागर से लेकर बंगाल की खाड़ी तक भारत में जमीन के नीचे से और समुद्र तल से पाइपों के जरिए प्राकृतिक गैस की सप्लाई होती है। इस प्राकृतिक गैस एक तरह का कच्चा माल होता है, जिसे ऑटोमोबाइल में इस्तेमाल के लिए सीएनजी और घरों में रसोई गैस के रूप में इस्तेमाल करने के लिए बदला जाता है। लेगेसी फील्ड से उत्पादित होने वाली गैस को शहरों के खुदरा गैस सप्लायर्स को भेजा जाता है। इस सप्लाई में पांच प्रतिशत सालाना की कटौती की जा रही है। घरेलू रसोई गैस की सप्लाई स्थिर है, ऐसे में उसमें बढ़ोतरी की संभावना नहीं है, लेकिन चूंकि सप्लायर्स के पास गैस की कम सप्लाई हो रही है, जिसके चलते उन्हें महंगी सीएनजी खरीदनी पड़ रही है। यही वजह है कि आने वाले दिनों में सीएनजी की कीमतें बढ़ने की आशंका है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जल्द ही महाराष्ट्र में चुनाव होने हैं और कुछ ही माह में दिल्ली में भी विधानसभा चुनाव होंगे।

बोतल बंद पानी, साइकिल और नोटबुक होंगी सस्ती, सौंदर्य प्रसाधन, लग्जरी कलाई घड़ी और जूते होंगे महंगे

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर (एजेंसी)। आने वाले दिनों में बोतल बंद पानी, साइकिल और नोटबुक सस्ते हो सकते हैं। केंद्र सरकार के मंत्रियों के समूह जीओएम ने इन वस्तुओं की जीएसटी दर को कम करने की सिफारिश की है। वहीं सौंदर्य प्रसाधन, लग्जरी कलाई घड़ी और जूतों पर जीएसटी दर बढ़ाने के लिए कहा है। शनिवार को हुई जीओएम की बैठक में शामिल सदस्यों ने यह सुझाव जीएसटी परिषद को दिया है। केंद्रीय वित्त मंत्री की अध्यक्षता वाली जीएसटी परिषद अगले महीने होने वाली बैठक में इसे लेकर अंतिम फैसला लेगी। जीओएम ने 20 लीटर और उसके अधिक बोतलबंद पानी पर जीएसटी दर को 18 फीसदी से पांच फीसदी करने का प्रस्ताव दिया। जबकि 10 हजार से कम कीमत वाली साइकिल पर जीएसटी दर को भी 12 फीसदी से पांच फीसदी करने की सिफारिश की गई है। इसके अलावा अभ्यास नोटबुक पर भी जीएसटी को 12 फीसदी से पांच फीसदी करने का सुझाव दिया गया है। अगर जीएसटी परिषद इस प्रस्ताव को मंजूर कर देती है, तो इन चीजों की कीमतें कम हो जाएंगीं। इसके बाद मंत्री समूह ने 15 हजार रुपये प्रति जोड़ी से अधिक मूल्य वाले जूते और 25 हजार रुपये से अधिक की कलाई घड़ियों पर जीएसटी दर 18 फीसदी से बढ़ाकर 28 फीसदी करने का सुझाव दिया है। इसके अलावा सौंदर्य प्रसाधन, हेयर ड्रायर, हेयर कलर पर भी जीएसटी बढ़ाने का सुझाव दिया। जीओएम में शामिल बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि मंत्री समूह हर वर्ग के लोगों को राहत देने की पहल कर रहा है। वरिष्ठ नागरिकों पर विशेष ध्यान दिया गया है।

'सफेद पाउडर' देख कर चौंकी एनआईए, दिल्ली ब्लास्ट कहीं आतंकी साजिश तो नहीं

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर (एजेंसी)। रोहिणी के प्रशांत विहार इलाके में रविवार सुबह सीआरपीएफ स्कूल की दीवार से धमाके की आवाज सुनाई दी। धमाके के बाद दीवार में दरार पड़ गई। धमाके के बाद धुएं का गुबार भी दिखाई दिया। मौके पर एनआईए, एनएसजी और एफएसएल की टीम पहुंची। एफएसएल टीम ने घटनास्थल से नमूने एकत्र किए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, घटनास्थल से सफेद पाउडर मिला है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि धमाका किस प्रकार का था और इसका स्रोत क्या है। विस्फोटक अधीनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। इस मामले में गृह मंत्रालय ने विस्फोटक की रिपोर्ट मांगी है। केंद्रीय जांच एजेंसी एनआईए की टीम शुरूआती तफ्तीश करने और सबूतों से जुड़े इनपुट इकठ्ठा करने मौके पर पहुंची है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा इस मामले में तफ्तीश का जिम्मा कुछ दिनों के बाद जांच एजेंसी एनआईए को भी सौंपा जा सकता है। फिलहाल स्पेशल सेल और रोहिणी जिला पुलिस के द्वारा इस मामले की तफ्तीश की रिपोर्ट के बाद मंगलवार तक इस मामले में लिया जा सकता है। तफ्तीश संबंधित आगे का फैसला आतंकी साजिश या कोई बड़े वारदात की संभावना के मद्देनजर ही लिया जा सकता है। एनआईए को केस ट्रांसफर किया जाएगा। किसी भी बड़े घटना से संबंधित इनपुट्स मिलने के बाद तफ्तीश के लिए एनआईए को पहुंचना ये एक एसओपी यानी प्रोटोकॉल का हिस्सा होता है।

संस्थापक सम्पादक
एवं
हमारे प्रेरणास्रोत्र
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

सुहाग को देखा तो छलछला आई आंखें

- जिला कारागार में निरुद्ध 13 महिला बंदियों के लिए किसी उपहार से कम नहीं था महिला आयोग का आदेश
- कारागार में निरुद्ध पुरुष बंदियों से मिलने पहुंची बड़ी संख्या में उनकी पत्नियां, की जेल से मुक्ति की कामना

मुजफ्फरनगर, 20 अक्टूबर (बु.)। कारागार वैसे तो ऐसा स्थान है जहां बाहरी दुनिया का रिश्ता कट जाता है, लेकिन दिलों के रिश्ते इस परिभाषा से अलग होते हैं। जिला कारागार में आज बंदी महिलाओं के लिए विशेष दिन था। उन्होंने करवाचौथ पर अपने पति का दीदार किया तो आंखें छलछला आई।

राज्य महिला आयोग के आदेश पर आज पहली बार बंदी महिलाओं को अपने पतियों के साथ करवा चौथ मनाने का अवसर मिला तो उन्होंने नम आंखों से इस पर्व पर अपने पतियों के दर्शन किए। इसके साथ ही बड़ी संख्या में महिलाएं भी अपने पतियों के लिए घरों में बनाए पकवान लेकर पहुंचीं। कारागारों में वैसे तो सभी पर्व मनाने की व्यवस्था रहती है, लेकिन पहली बार राज्य महिला आय

1973-2024

सम्पादक की क़लम से

निर्णय पक्ष में नहीं तो अन्याय

किसी भी विवाद में दो पक्ष होते हैं, जब न्यायालय का निर्णय किसी के पक्ष में नहीं होता तो वह उसे अन्याय मान लेता है और जिसके पक्ष में होता है वह न्याय मानता है। मेरा पक्ष भी उचित है, मेरे विरुद्ध निर्णय न्याय नहीं है, यह धारणा उचित नहीं है। एक प्रश्न यह भी है कि क्या हम न्याय की कामना के लिए न्यायालय जाते हैं अथवा अपने पक्ष में निर्णय हो, इस इच्छा को लेकर न्यायालय जाते हैं? न्याय अलग बात है और अपने पक्ष में निर्णय की कामना अलग बात है। यह आवश्यक नहीं कि न्याय आप ही के पक्ष में हो, न्याय तो न्याय है अगर पक्ष में नहीं है, तो उसे अन्याय नहीं कहा जा सकता। कश्मीर से धारा 370 हटने का केस सुप्रीम कोर्ट में चला, सुप्रीम कोर्ट की बड़ी बैंच ने सब पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि 370 को सही तरीके से हटाया गया, जो पक्ष चाहते थे कि सुप्रीम कोर्ट यह कह दे कि यह धारा नहीं हटेगी उन्हें झटका लगा, वे इस निर्णय को तभी न्याय कहते जब अदालत उनके पक्ष में निर्णय देकर कहती कि सरकार इसे बहाल करे। बहुत से लोग अब भी सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से अलग यही कह रहे हैं कि हम यह धारा बहाल करेंगे, जबकि उनके हाथ में कुछ नहीं है। कश्मीर की आम जनता इस धारा की कमियों को अब हटने के बाद महसूस कर रही है और सरकार और कोर्ट के निर्णय को न्याय समझ रही है। चन्द लोगों की विपरीत राय से न्याय, अन्याय नहीं हो जाता। 10 नवंबर को सेवा निवृत हो रहे मुख्य न्यायाधीश डी वाई चन्द्रचूड़ ने भी ऐसा ही कुछ कहा। भारत के मुख्य न्यायाधीश धनंजय यशवंत चंद्रचूड़ ने दक्षिण गोवा में सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स ऑन रिकॉर्ड एसोसिएशन के सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट की, जनता की अदालत वाली भूमिका संरक्षित रखी जानी चाहिए, लेकिन इसका अभिप्राय यह नहीं है कि वह संसद में विपक्ष की भूमिका निबाहे। उन्होंने कहा कि कानूनी सिद्धांत की असंगतता या त्रुटि के लिए अदालत की आलोचना करना उचित है, लेकिन परिणामों के परिप्रेक्ष्य से उसकी भूमिका या कार्य को नहीं देखा जा सकता। सुप्रीम कोर्ट की न्याय तक पहुंच का प्रतिमान पिछले 75 वर्षों में विकसित हुआ है और कुछ ऐसा है, जिसे हमें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि जब समाज बढ़ता है समृद्ध और संपन्न होता है, तो ऐसी धारणा बनती है कि आपको केवल बड़ी-बड़ी चीजों पर ही ध्यान देना चाहिए। हमारा कोर्ट ऐसा नहीं है। हमारा कोर्ट जनता की अदालत है और मुझे लगता है कि लोगों की अदालत के रूप में सुप्रीम कोर्ट की भूमिका को भविष्य के लिए संरक्षित रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि, मुझे लगता है, विशेष रूप से आज के समय में, उन लोगों के बीच एक बड़ा विभाजन है, जो सोचते हैं कि जब आप उनके पक्ष में निर्णय देते हैं, तो सुप्रीम कोर्ट एक अद्भुत संस्था है, और जब आप उनके विरुद्ध निर्णय देते हैं तो यह एक ऐसी संस्था है जो बदनाम है। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि मुझे लगता है कि यह एक खतरनाक प्रवृत्ति है। समस्या तब होती है जब वही लोग, जो देखते हैं कि अदालत, मान लीजिए कि एक विशेष दिशा की ओर जा रही है, सभी केवल इसलिए इसकी आलोचना करने को तैयार हो जाते हैं, क्योंकि परिणाम उनके खिलाफ गया है। मुझे लगता है कि एक कानूनी पेशे के रूप में हमें यह समझने के लिए मजबूत सामान्य ज्ञान होना चाहिए कि न्यायाधीशों को यह अधिकार है और उन्हें केस-दर-केस आधार पर निर्णय लेना चाहिए, जो इस बात पर निर्भर करता है कि वे कानूनी सिद्धांत का आकलन कैसे करते हैं, जिसे उस विशेष स्थिति में तथ्य पर लागू किया जाना चाहिए। जब ??तक हम इसे स्वीकार करते हैं, मुझे लगता है कि संस्था का भविष्य सुरक्षित है। चीफ जस्टिस ने कहा कि अदालती कार्यवाही का सीधा प्रसारण एक गेम चेंजर रहा है, जो कुछ नकारात्मक पहलुओं के बावजूद सुप्रीम कोर्ट के काम को लोगों के घरों और दिलों तक ले गया है। यह कहते हुए कि सुप्रीम कोर्ट की भूमिका सिर्फ.संवैधानिक विवादों और सिद्धांतों के अंतिम मध्यस्थ के रूप में ही नहीं है, बल्कि एक सामाजिक रूप से परिवर्तनकारी साधन के रूप में भी है। सीजेआई ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट जिस सामाजिक परिवर्तन को लाने का इरादा रखता है, वह सिर्फ.उन मौलिक मुद्दों के मामले में नहीं आता है, जिन पर हम निर्णय लेते हैं, जिन पर हमें निर्णय लेना होता है, बल्कि उन छोटे-छोटे मुद्दों पर भी आता है, जिन पर हम दिन-प्रतिदिन निर्णय लेते हैं, जिसमें हम राष्ट्र को, उच्च न्यायालयों को, जिला न्यायालयों को मार्गदर्शन देते हैं। क्योंकि जब हम कुछ मुद्दों पर दृढ़ होते हैं, जो जिला न्यायालयों, उच्च न्यायालयों को मार्गदर्शन प्रदान करते हैं, तो अगर सुप्रीम कोर्ट ने हमें यह संकेत दिया है, तो निश्चित रूप से, हमें अब उस हिस्से का पालन करना होगा। उन्होंने कहा कि अब इसे देखने का एक तरीका यह है कि क्या सुप्रीम कोर्ट को इन छोटे-मोटे मामलों से निपटना चाहिए, जिनसे हम निपटते हैं? मेरा दृष्टिकोण बहुत अलग है। कुछ सर्वोच्च न्यायालयों के विपरीत, जो वैश्विक स्तर पर गठित किए गए थे, जैसे कि अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय या यूके सर्वोच्च न्यायालय या ऑस्ट्रेलियाई उच्च न्यायालय या दक्षिण अफ्रीकी संवैधानिक न्यायालय, भारत के सर्वोच्च न्यायालय को पूरी तरह से अलग प्रतिमान पर बनाया गया था और वह प्रतिमान न्याय तक पहुंच का था, क्योंकि मूल रूप से यह एक सर्वोच्च न्यायालय था, जिसे 1950 में एक गरीब समाज की समस्याओं से निपटने के लिए बनाया गया था। हम एक कम गरीब समाज और अधिक समृद्ध समाज हैं, एक ऐसा समाज जो अब तेजी से आर्थिक विकास और विकास की ओर बढ़ रहा है, लेकिन जिसमें अभी भी अविकसितता के क्षेत्र हैं। डी वाई चंद्रचूड़ की इन बातों की गंभीरता को समझा जाना चाहिए। डीवाई चंद्रचूड़ 10 नवंबर 2024 को रिटायर होने वाले हैं। उन्होंने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना को उत्तराधिकारी के रूप में नामांकित किया है। संजीव खन्ना की नियुक्ति एक पारंपरिक प्रक्रिया के तहत हुई है, जिसमें वर्तमान मुख्य न्यायाधीश अपने उत्तराधिकारी का सुझाव देते हैं। न्यायमूर्ति खन्ना दिल्ली उच्च न्यायालय और सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीश रहे। उन्होंने कई महत्वपूर्ण मामलों में फैसले सुनाए हैं, जिनमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत देना और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों से डाले गए वोटों की जांच करने की याचिका खारिज करना शामिल है।

चार तीर

सुनील उत्सव

"सम्मान" "विश्वास" "प्रेम" "जीवन"

दिल में पति पत्नी दोनों के, एक दूजे का हो सम्मान,
आपस में विश्वास बढ़े,उल्लास बढ़े और प्यार बढ़े।
प्रेम से बढ़कर गिफ़्ट नहीं है जेवर कपड़ा बाद की बात,
एक दूजे को खुशियां बांटे,जीवन में श्रृंगार बढ़े।

गुंडागर्दी के युग में वर्धमान हॉस्पिटल में छात्राओं को सिखाएं गए कराटे के गुर

कराटे खिलाड़ी कर रहे देश-विदेश में जनपद का नाम रोशन : डॉ. मुकेश जैन

मुजफ्फरनगर, 20 अक्टूबर (बु.)। विश्व ख्याति प्राप्त प्रमुख समाजसेवी व शहर के जाने-माने हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. मुकेश जैन, डॉ. नूतन जैन, डॉ. अनुभव जैन व डॉ. वन्दना जैन ने जानसठ रोड स्थित वर्धमान अस्पताल में उच्च स्तरीय कार्यक्रम आयोजित कर सैकड़ों कराटे खिलाड़ियों को सम्मानित किया। नेशनल कराटे डू फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी से मान्यता प्राप्त एवं 42 वर्षों से विश्वसनीय एकमात्र कराटे संस्था जिला कराटे एसोसिएशन ऑफ मुजफ्फरनगर की ओर से आर्यपुरी स्थित कराटे एकेडमी पर इन्टर नेशनल शितो रियू कराटे एकेडमी ऑफ इंडिया डायरेक्टर 42 वर्षों के अनुभवी शिहान वेद प्रकाश शर्मा एवं चीफ इंस्ट्रक्टर सैनसाई अभिषेक शर्मा के नेतृत्व में गत माह कलर एवं ब्लैक बेल्ट परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें आर्यपुरी स्थित कराटे एकेडमी, न्यू मंडी ब्रांच (1) गांधी कालोनी ब्रांच (2) के करीब 300 कराटे खिलाड़ियों ने भाग लिया था। कठिन परीक्षा के बाद सफल खिलाड़ियों को कलर एवं ब्लैक बेल्ट तथा प्रमाण पत्र देकर उच्च स्तरीय सम्मान दिया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. मुकेश जैन ने जैपनीज तकनीक काता और कुमिते का शानदार एवं दमदार प्रदर्शन देखकर कराटे खिलाड़ियों की मुग्ध कंठ से प्रशंसा करते हुए कलर एवं ब्लैक बेल्ट परीक्षा में सफलता प्राप्त खिलाड़ियों को बेल्ट एवं प्रशस्ति पत्र देकर उच्च स्तरीय सम्मान दिया। वहीं विशिष्ट अतिथि डॉ. नूतन जैन ने ब्लैक बेल्ट खुशी त्यागी द्वारा खाली हाथ हथियारबंद गुंडों से अपनी रक्षा कैसे करें का आश्चर्य चकित प्रदर्शन देखकर कहा कि वास्तव में आजकल अफरातफरी एवं छेड़छाड़ के माहौल में लड़कियों को मार्शल आर्ट्स कराटे कला सीखनी चाहिए। अतिथि डॉ. वन्दना जैन ने भी सैंकड़ों लड़कियों एवं छोटे बच्चों को भरपूर प्यार व सम्मान दिया। इस दौरान अन्य अतिथियों में डॉ. अनुभव जैन, रजत जिन्दल किडजी स्कूल, अंकुर कुमार लिटिल मिलेनियम स्कूल, कराटे एसोसिएशन अध्यक्ष सुनील गुप्ता, उपाध्यक्ष विजेन्द्र गोयल ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता ब्लैक बेल्ट खिलाड़ियों को खतरनाक प्रदर्शन करने पर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम संचालन चीफ इंस्ट्रक्टर सैनसाई अभिषेक शर्मा ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथि डॉ. मुकेश जैन एवं डॉ नूतन जैन की ओर से हुई फरमाइश पर वेदप्रकाश शर्मा द्वारा-जो तुमको हो पसंद वही बात कहेंगे गीत गाकर समां बांध दिया। इस दौरान अल्फा वॉरियर्स जिम आनर तुषार शर्मा मौजूद रहे।

25 से ज्यादा विमानों में बम की धमकी के बाद आपातकालीन लैंडिंग

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर (एजेंसी)। देश भर की तमाम एयरलाइन कंपनियों के विमानों में बम की धमकी मिलने का सिलसिला कई दिनों से जारी है। रविवार को भी कई विमानों में बम होने की धमकी दी गई। इसे लेकर एयरलाइंस ने आपातकालीन लैंडिंग प्रोटोकॉल सक्रिय कर दिया। धमकी मिलने के बाद कई विमानों की आपात लैंडिंग कराई गई। अकासा और विस्तारा एयरलाइंस के प्रवक्ताओं ने बताया कि फ्लाइट में बम की धमकी मिलने के बाद आपातकालीन लैंडिंग कराई गई। रविवार को इंडिगो, विस्तारा, एयर इंडिया और अकासा समेत 25 से अधिक भारतीय विमानों में बम की धमकी मिली। इंडिगो, विस्तारा और एयर इंडिया की छह-छह उड़ानों में बम होने की धमकी दी गई। इंडिगो के प्रवक्ता ने बताया कि इंडिगो की 6ए 58 जेद्दा से मुंबई, 6ए87 कोझिकोड से दम्मम, 6ए11 दिल्ली से इस्तांबुल, 6ए17 मुंबई से इस्तांबुल, 6ए133 पुणे से जोधपुर और 6ए112

गोवा से अहमदाबाद फ्लाइट में बम होने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं और सभी आवश्यक सावधानियां बरत रहे हैं। वहीं विस्तारा एयरलाइन के प्रवक्ता ने बताया कि छह उड़ानों यूके25 दिल्ली से फ्रैंकफर्ट, यूके106 सिंगापुर से मुंबई, यूके146 बाली से दिल्ली, यूके116 सिंगापुर से दिल्ली, यूके110 सिंगापुर से पुणे और यूके107 मुंबई से सिंगापुर फ्लाइट में बम होने की धमकी मिली। प्रोटोकॉल के अनुरूप सभी संबंधित अधिकारियों को तुरंत सूचित किया गया और सुरक्षा प्रक्रियाएं अपनाई गईं। इसके अलावा अकासा एयर के प्रवक्ता ने कहा कि उसकी कुछ उड़ानों को रविवार को सुरक्षा अलर्ट मिले। इसके बाद आपातकालीन प्रतिक्रिया दल ने स्थिति की निगरानी की। साथ ही सुरक्षा अधिकारियों से संपर्क किया। वहीं एयर इंडिया की कम से कम छह उड़ानों में बम होने की धमकी मिली। मगर एयर इंडिया की ओर से इसे लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई। इस सप्ताह अब तक 90 से अधिक उड़ानों में बम की धमकियां मिल चुकी हैं। सभी धमकियां अफवाह निकली हैं।

ग्रास कोर्ट पर देश-विदेश के खिलाड़ियों ने बहाया पसीना

मुजफ्फरनगर, 20 अक्टूबर (बु.)। सर्विसेज क्लब के ग्रास कोर्ट पर दूसरे दिन भी दसवें डॉ. सुरेंद्र प्रकाश मैमोरियल अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स-400 पाइंट टेनिस टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने जोशीले अंदाज में मैदान में पसीना बहाने के साथ अपनी क्षमता के अनुरूप प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट डायरेक्टर अमित प्रकाश, सचिव विजय वर्मा, डॉ. देवेंद्र सिंह मलिक, डॉ. मनोज काबरा, डॉ. जेएस तोमर समेत अन्य पदाधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित टूर्नामेंट में एक से बेहतर एक खिलाड़ी की उपस्थिति में आयोजन को नए आयाम तक पहुंचाने की दिशा में काम किया। सर्विसेज क्लब मैदान के ग्रास कोर्ट में 10वां अंतर्राष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट में बाहर से आए देश-विदेश के खिलाड़ियों ने खूब पसीना बहाने के साथ बेहतर प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट के सचिव विजय वर्मा ने बताया कि सोमवार में कुछ और कैटेगरी के मैच शुरू किए जाएंगे, जिसमें 35, 60 और 65 आयु वर्ग पुरुष एवं 30, 35 व 50 आयु वर्ग की महिलाओं के मैच होंगे। उन्होंने बताया कि करीब 16 महिला खिलाड़ी टूर्नामेंट में भाग ले रही है और आज इन मैचों का शुभारंभ डीएम उमेश चन्द्र मिश्रा द्वारा सर्विस क्लब में किया जाएगा, जहां देश विदेश से आये खिलाड़ी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि रविवार को खेले गए मैचों में लक्षित सूद ने अविनाश कुमार को 6-1 व 6-3, नितेश रूंगटा ने अनुपम चौधरी को 6-0 व 6-3, चंद्रिल सूद ने तनुज शर्मा को 6-1 व 6-3, मुरगेश कोठारी ने जापान के खिलाड़ी इनोवा केंजी को 6-2, 2-6 व 10-7, अजीत मारुति ने शांतनु तिवारी को 6-1 व 6-2, पुलकित मिश्रा व पवन सूर्य ने गोविंद प्रसाद मौर्य व राठौर रीगन को 6-2 व 7-5, फ्रांस के मेजॉन जूलियन व डोडी स्वर्णदीप सिंह ने आसवानी प्रकाश व रोहन नारायण को 6-3 व 6-4, गौतम अभिषेक व राजकुमार ने गुरु सिमरन व आदर्श वीर को 6-1 व 6-0 से हराकर अपने-अपने मुकाबले जीते।

आज डीएम करेंगे महिला खिलाड़ियों के मैच का शुभारम्भ

43वीं जनपद शूटिंग बाल चैंपियनशिप हरेटी टीम बनी चैम्पियन

मुजफ्फरनगर, 20 अक्टूबर (बु.)। चौधरी चरण सिंह स्पोटर्स स्टेडियम में 43वीं एक दिवसीय जिला शूटिंग बाल चैम्पियनशिप की संपन्न प्रतियोगिता में 12 पुरुष व 5 महिला टीमों ने भाग लिया। हरेटी की टीम ने तुगलकपुर की टीम को हराकर ट्रॉफी और गोल्ड मैडल अपने नाम किया। स्टेडियम की महिला टीम ने बरवाला की टीम को हराकर गोल्ड मैडल और ट्रॉफी का खिताब जीता। रविवार को चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में 43वीं एक दिवसीय जिला शूटिंग बाल चैम्पियनशिप (पुरुष, महिला) का शुभारंभ जिला खेल अधिकारी भूपेंद्र सिंह यादव व शूटिंगबाल संघ के अध्यक्ष सत्यवीर सिंह मलिक और वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमेन्द्र दहिया और शूटिंग बाल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव जीत राज तोमर ने किया। प्रतियोगिता में जिले की 12 पुरुष टीमों तथा 5 महिला टीमों ने भाग लिया। पुरुष वर्ग में हरेटी की टीम ने तुगलकपुर की टीम को हराकर ट्रॉफी और गोल्ड मैडल अपने नाम किया। वहीं महिला वर्ग में स्टेडियम की महिला टीम ने बरवाला की टीम को हराकर गोल्ड मैडल व ट्रॉफी का खिताब जीता। इस अवसर पर जिला युवा कल्याण अधिकारी विशाल कुमार, शिव कुमार त्यागी, रोशन लाल, मोहित सोलंकी ने विजेता व उपविजेता टीम को मैडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस दौरान जिला शूटिंग संघ के महासचिव पवन कुमार ने सभी का स्वागत किया।

हाईवे पर होटल में घुसकर चोरी

छपार, 20 अक्टूबर (बु.)। रात में होटल में घुसकर चोर दो हजार की नगदी समेत सामान ले गए। छपार निवासी शमीम पुत्र गफफार का हाईवे पर होटल है। होटल मालिक द्वारा थाना छपार पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि रात में अज्ञात चोर होटल में घुसकर दो हजार की नगदी, स्पीकर आदि सामान ले गया। वहीं पड़ौसी नौमान पुत्र असगर का बैटरा भी चोर चोरी कर ले गए। होटल के सीसीटीवी कैमरे में चोर कैद हो गए। छपार पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

मान्यता प्राप्त विद्यालयों की समस्याओं पर चर्चा

शाहपुर, 20 अक्टूबर (बु.)। उ.प्र. मान्यता प्राप्त विद्यालय महासभा की बैठक में विद्यालयों के समक्ष आ रही समस्याओं के निराकरण पर चर्चा की गई। कस्बे के कोहिनूर पब्लिक स्कूल में आयोजित उ.प्र. मान्यता प्राप्त विद्यालय महासभा की ब्लाक स्तरीय बैठक में विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधकों व संचालकों ने बताया कि कुछ विद्यालयों को यू डाइस कोड प्राप्त करने के लिए फाइल जमा करने के बाद भी यू डाइस कोड का आवंटन नहीं हुआ है, जिससे उन विद्यालयों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस पर बैठक में निर्णय लिया गया कि एक प्रतिनिधिमंडल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मिल यू डाइस कोड से वंचित विद्यालयों को यू डाइस कोड आवंटन कराने की मांग करेगा। बैठक में सभी विद्यालयों से कहा गया कि सभी विद्यालय समय से यू डाइस पोर्टल पर अपना कार्य पूर्ण करें। इसके अलावा विभिन्न विद्यालयों के संचालकों व प्रबंधकों ने उनके सामने आ रही समस्याओं को रखा, जिस पर निर्णय लिया गया कि विद्यालयों की समस्या के निराकरण के लिए एक संघर्ष समिति का गठन किया जाएगा तथा माह में एक बार महासभा के ब्लॉक अध्यक्ष व महासचिव बीआरसी कार्यालय पर बैठकर विद्यालयों के समक्ष आ रही समस्याओं का समाधान करायेंगे। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष सत्य प्रकाश त्यागी व संचालन अली मियां गाजी ने किया। कोहिनूर पब्लिक स्कूल के प्रबंधक हसीन सैफी ने सभी का आभार व्यक्त किया। बैठक में मुख्य रूप से महासभा के ब्लाक महासचिव देवेंद्र सिंह बालियान, करण सिंह, रणवीर सिंह आर्य, राशिद खान, राकेश गर्ग, सिकंदर सिद्दीकी, प्रवीर सिंघल, शशिकांत शर्मा, राजेश त्यागी, शिवदास त्यागी, योगेश भारद्वाज, हाफिज खालिद व आलम खान आदि सहित अन्य विद्यालयों के प्रबंधक व प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

आवश्यकता है
सैनेट्री की दुकान के लिए एकाउटेंट,मार्केटिंग व हैल्पर के लिए लड़कों की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें-
M: 9837118415
12-बी,पीठ बाजार, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर

चार गैर-स्थानीय मजदूरों को मारी गोली, 3 की मौत; सुरक्षाबल ने घेरा इलाका

जम्मू, 20 अक्टूबर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर में एक बार फिर आतंकियों ने कायराना करतूत को अंजाम दिया है। दहशतगर्दों ने गंदेरबल जिले के गगनगीर सोनमर्ग इलाके में निमार्णाधीन सुरंग में तीन गैर स्थानीय मजदूरों की गोली मारकर हत्या कर दी। जबकि इस हमले में दो मजदूर घायल हैं, जिन्हें उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के बाद मिली सूचना पर मौके पर पहुंची सुरक्षाबलों की टीम ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है और आतंकियों की तलाश में सर्च ऑपरेशन चलाया हुआ है। बता दें कि तीन दिन पहले ही बिहार के एक मजदूर को ऐसे ही मौत के घाट उतार दिया गया था। इस हमले के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने ट्वीट पर दुख जताते हुए लिखा, सोनमर्ग क्षेत्र के गगनगीर में गैर-स्थानीय मजदूरों पर कायरतापूर्ण हमले की खबर बहुत दुखद है। ये लोग इलाके में एक प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजना पर काम कर रहे थे। इस आतंकवादी हमले में तीन लोग मारे गए हैं और 2-3 अन्य घायल हुए हैं। मैं निहत्थे निर्दोष लोगों पर इस हमले की कड़ी निंदा करता हूं और उनके प्रियजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। दक्षिण कश्मीर के शोपियां में बिहार के मजदूर अशोक चौहान की हत्या के बाद आतंकियों की तलाश में दूसरे दिन भी तलाशी अभियान चलाया गया। आसपास के संदिग्ध ठिकानों पर छापा भी मारा गया। मजदूर के फोन की कॉल डिटेल खंगाली जा रही है। इस बीच हत्या के विरोध में शनिवार को शोपियां में कॉलेज के छात्रों व स्थानीय नागरिकों ने रैली निकाली। उप राज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला समेत तमाम राजनीतिक दलों ने लक्षित हत्या की कठोर शब्दों में निंदा की है। हत्या के खिलाफ एकजुटता दिखाते हुए शोपियां के नागरिकों व छात्रों ने विरोध मार्च शहर के मुख्य चौराहे से निकाला। शांति के संदेश वाले बैनर और तख्तियां लिए छात्रों ने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे अमानवीय कृत्यों को रोका जाना चाहिए, क्योंकि कोई भी धर्म निर्दोष लोगों की हत्या की वकालत नहीं करता है। हम हिंसा के खिलाफ और मानवता के लिए एकजुट हैं।

फ्री में करें नीट, जेईई की तैयारी; एनसीईआरटी का साथी पोर्टल करेगा मदद

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर (एजेंसी)। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने छात्रों को इंजीनियरिंग (जेईई), मेडिकल (नीट) और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मदद करने के लिए 'साथी पोर्टल 2024' लॉन्च किया है। इस पोर्टल पर हिंदी, अंग्रेजी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में अध्ययन संसाधन उपलब्ध हैं। छात्रों को इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर पंजीकरण करना होगा। 'साथी' प्लेटफॉर्म एक पूरी तरह से ऑनलाइन संसाधन है, जिसे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए डिजाइन किया गया है। यह मुफ्त शैक्षिक सामग्री, वीडियो पाठ, मॉक टेस्ट और विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान करता है। यह विभिन्न पृष्ठभूमियों के छात्रों को समर्थन करता है, जिससे उन्हें अपनी पढ़ाई में कोई रुकावट न आए। सरकार का लक्ष्य इस मुफ्त कोचिंग कार्यक्रम जैसी पहलों के माध्यम से शिक्षा तक समान पहुंच सुनिश्चित करना है। 'साथी' पोर्टल के जरिए निःशुल्क अध्ययन सामग्री प्रदान करके, सरकार शैक्षणिक असमानताओं को कम करने और समान अवसरों को बढ़ावा देने का प्रयास कर रही है। इस पहल से अब तक 4.37 लाख से अधिक छात्रों ने पंजीकरण कराया है, जो कि इस कार्यक्रम की लोकप्रियता को दशार्ता है।

साड़ी की दुकान में लगी भीषण आग: करीब 40 लाख का सामान जला

फिरोजाबाद, 20 अक्टूबर (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में शनिवार की रात साड़ी की दुकान में भीषण आग लग गई। आग से 30 से 40 लाख रुपए का सामान जलकर राख हो गया। दुकान के ऊपर रह रहे परिवार के लोगों ने भागेकर जान बचाई। रात्रि में पहुंची पांच फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने ढाई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। मामला उत्तर थाना क्षेत्र के जलेसर रोड लोहिया नगर का है। यहां के निवासी संजीव जैन की मुखिया साड़ी भंडार के नाम से दुकान है। उनका छोटा भाई परिवार के साथ दुकान के ऊपरी मंजिल में रहता है। शनिवार रात करीब दो बजे दुकान में से अचानक धुआं निकलने से ऊपर सो रहे लोगों को सांस लेने में परेशानी महसूस होने लगी। उन्होंने उठकर देखा तो नीचे दुकान में आग लगी हुई थी। आनन-फानन में उन्होंने दूसरे दरवाजे से भाग कर अपनी जान बचाई। पुलिस व फायर ब्रिगेड को दुकान में आग लगने की घटना की जानकारी दी। आग लगने की जानकारी होते ही सीएफओ सतेंद्र कुमार पांडेय एवं एफएसओ दुर्गेश कुमार सिंह मौके पर फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियों के साथ पहुंच गए। करीब ढाई घंटे के प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन, तब तक दुकान में रखा हुआ सामान जलकर राख हो चुका था। दुकान स्वामी का कहना है की आग लगने का सही कारण अभी पता नहीं चल सका है। संभावना व्यक्त की जा रही है की शार्ट सर्किट की वजह से दुकान में आग लगी है। गनीमत रही कि इसमें किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है। दीपावली और करवा चौथ के त्यौहार को लेकर दुकान में लाखों का सामान मंगाया था जो जलकर राख हो गया है। आसपास के लोगों का कहना था कि कर्जा लेकर करवाचौथ एवं दीपावली के त्योहार को ध्यान में रखते हुए माल भरवाया था। तो जलकर स्वाहा हो गया। सीएएफओ सत्येंद्र पांडेय ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से दुकान में आग लगने की संभावना है। आग की सूचना पर पूरी टीम मौके पर गई थी। ढाई घंटे में आग पर काबू पाया जा सका। त्योहार पर व्यापारी दुकानों में अधिक भंडारण न करें। सीढ़ियों पर कोई सामान न रखें। प्रवेश व निकास द्वार को अवरुद्ध न करें।

स्कूल में बैग किट की वितरित

शाहपुर, 20 अक्टूबर (बु.)। गांव रसूलपुर जाटान में बालिकाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से स्कूल बैग किट वितरित की गई। गांव रसूलपुर जाटान में समाजसेविका शालिनी बालियान की ओर से गांव की पढ़ने वाली 50 बालिकाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से स्कूल बैग, लंच बॉक्स व पानी की बोतल वितरित की गई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए शिक्षा का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है, जिसके चलते बालिकाओं को स्कूल बैग किट वितरित की गई। इससे बालिकाओं का मनोबल बढ़ेगा, जिससे वह बेहतर पढ़ाई कर अपना करिअर बना सकती है। इस दौरान गांव प्रधान जसवंत सिंह बालियान, पीजेंट वेलफेयर एसोसिएशन के चेयरमैन अशोक बालियान, निखिल बालियान, शिवांगी बालियान, अर्जुन बालियान व अमिता बालियान आदि उपस्थित रहे।

गाजा पर इजरायली हमले में 87 लोगों की मौत

गाजा पट्टी, 20 अक्टूबर (एजेंसी)। उत्तरी गाजा पट्टी पर इजरायल कहर बरपा रहा है। शनिवार की रात और रविवार को इजरायल ने कई घरों पर हमला किया। इन हमलों में करीब 87 लोगों की जान गई है। वहीं कई लोग अभी लापता हैं। बेत लाहिया शहर में इजरायली हमलों में 40 लोगों के घायल होने की खबर है। शनिवार देर रात से उत्तरी गाजा में इंटरनेट सेवा भी ठप है। रविवार दोपहर तक यह बहाल नहीं हो पाई है। चिकित्सक रहीम खेदर के मुताबिक इजरायली हमले में दो दंपती और उनके चार बच्चे की जान गई है। मृतकों में एक महिला, बेटा-बहू और उनके चार बच्चे भी शामिल हैं। हमले में एक बहुमंजिला इमारत और उसके आसपास स्थित चार घर ध्वस्त हो चुके हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के महानिदेशक मुनीर अल बुर्श ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि हमलों में बड़ी संख्या में लोग घायल हुए हैं। इससे उत्तरी गाजा में स्वास्थ्य सेवा प्रणाली बदतर हो गई है।

सांसद महुआ मोइत्रा के गोद लिए कुत्ते की मौत, एमपी ने लगाया हत्या का आरोप

नोएडा, 20 अक्टूबर (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल की कृष्णानगर लोकसभा सीट से सांसद महुआ मोइत्रा के गोद लिए कुत्ते की ग्रेटर नोएडा के इमलिया गांव के शेल्टर में मौत हो गई। कुत्ते की मौत की सूचना होने पर उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि उनके कुत्ते की हत्या हुई है। इसके साथ ही उन्होंने लिखा कि मेरे द्वारा बचाए गए पुनर्वास शिशुओं में से एक की हाल ही में शेल्टर में मौत हो गई है। नोएडा में प्रतिबंधित पटाखों के विस्फोटक लगातार जलने के कारण हृदयाघात से उसकी मृत्यु हो गई। यह हत्या है। उन्होंने पटाखे फोड़ने वाले लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने नोएडा पुलिस और सीपी नोएडा को टैग करते हुए शिकायत की है। शेल्टर की फाउंडर कावेरी राणा भारद्वाज ने बताया कि इस कुत्ते का रेसक्यू ग्रेटर नोएडा वेस्ट से किया गया था। इसका पूरा खर्च सासंद महुआ मोइत्

चन्द वोट बटोरने के लिए अवैध ई रिक्शाओं की सिफारिश न करें नेताजी

यदि नेताओं ने अवैध ई रिक्शाओं को छुड़वाने की सिफारिश की तो बुलेटिन त्यौहार के बाद फिर से सड़कों पर उतरेगा और इन नेताओं के नाम सार्वजनिक करेगा

मुजफ्फरनगर, 20 अक्टूबर (बु.)। प्रशासन ने अपना काम शुरू कर दिया है और पिछले दो दिनों से आमजन अवैध ई रिक्शाओं पर लगाम से राहत महसूस कर रहा है, मगर अभी भी चन्द नेता अपने वोटरों को लुभाने के लिए अवैध ई रिक्शाओं की सिफारिश में लगे हुए हैं। ऐसे में मुजफ्फरनगर बुलेटिन उनसे विनम्र अनुरोध कर रहा है कि आपको चुनाव के दौरान पांच-सात हजार रिक्शा चालकों के वोट मिलते होंगे, मगर जो सड़कों पर जनता चलती है, उसकी संख्या लाखों में है। ऐसे में अवैध काम करने वालों का साथ अपने वोट बटोरने के लिए मत दीजिए बल्कि सही को सही कहने का दम रखिए। ये जो लाखों लोग सड़कों पर चलते समय परेशान होते हैं, कहीं ऐसा न हो कि 2027 के चुनाव में आपके अनैतिक कार्यों का साथ देने के चक्कर में आपसे छुटक जायें। समाचार बुलेटिन के पास भी हर प्रकार कर रहता है कि कौन नेता कहां कहां से इन अवैध ई रिक्शाओं को छुड़वाने के लिए प्रशासन पर दबाव बना रहा है। यदि विनम्र अनुरोध से नेता नहीं माने तो त्यौहारों के बाद आम जनता का साथ बटोरकर बुलेटिन फिर एक बार अवैध ई रिक्शाओं के विरोध में तो सड़कों पर उतर ही जायेगा, साथ ही साथ खुलकर उन नेताओं के नाम भी सार्वजनिक करेगा, जो अवैध कार्यों में अवैध ई रिक्शा चालकों का साथ दे रहे हैं।

लालूखेड़ी में एक लाख रुपये के लिए संविदाकर्मी की चाकू घोंपकर हत्या

मुजफ्फरनगर, 20 अक्टूबर (बु.)। तितावी थाना क्षेत्र के गांव लालूखेड़ी में पैसे के लेन देन को लेकर बिजली विभाग के संविदा कर्मी की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद लहूलुहान हालत में उसे चिकित्सालय ले जाया गया, मगर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आपको बता दें कि लालूखेड़ी के रहने वाले अजय उर्फ जौनी शामली में विद्युत विभाग में संविदा कर्मी के रूप में कार्यरत था और उसने अपने ही क्षेत्र के एक व्यक्ति अश्वनी शर्मा को एक लाख रुपये उधार दिए हुए थे। अश्वनी शर्मा का गांव के बाहर ही कार वाशिंग का सर्विस स्टेशन है। पुलिस के अनुसार रविवार की शाम पैसे के लेन देन को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई। मगर उस समय गांव के कुछ लोगों ने दोनों पक्षों को शांत करा दिया था। मगर कुछ ही देर बाद हत्यारोपी अश्वनी अपने दो साथियों के साथ देवपाल की ट्यूबवैल पर खड़ा था। उक्त तीनों ने मिलकर अजय उर्फ जौनी को वहां रोक लिया तथा मारपीट करने के बाद उसकी कमर में छुरा घोंप दिया। गम्भीर अवस्था में अजय जैसे कैसे अपने घर तक पहुंचा और मकान के गेट पर ही ढह गया। परिजनों ने अजय की हालत गम्भीर देखते हुए पुलिस को इसकी सूचना दी और घायल अवस्था में उपचार के लिए अजय को अस्पताल ले जाया गया। मगर रास्ते में ही अजय ने दम तोड़ दिया। अजय की पत्नी ने एक लाख रुपये के कर्जदार अश्वनी व दो अन्य लोगों के विरुद्ध हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दे दी है। उक्त मामले में एसपी देहात आदित्य बंसल का कहना है कि पैसों के विवाद में संविदा कर्मी की चाकू घोंपकर हत्या की गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है और आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी है।

रिश्ते हुए खूनी: फावड़े से काटकर सगे भाई की हत्या

मुजफ्फरनगर, 20 अक्टूबर (बु.)। जमीनी विवाद को लेकर दो भाईयों के बीच खूनी संघर्ष में एक भाई की फावड़े से काटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आरोपी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

बताया गया है जमीन के विवाद को लेकर बूटा सिंह का अपने भाई कालूराम के साथ विवाद चल रहा है। पिछले दिनों एक भाई बूटा सिंह पर दरांती मारकर दूसरे भाई को घायल करने का आरोप लगाया गाय था। उसका शांति भंग के आरोप में चालान कर दिया गया था। हाल में बूटा सिंह शांति भंग के मामले में जमानत कराकर लौटा था। बताया जाता है कि आज बूटा सिंह व उसके पुत्र जब खेत पर काम कर रहे थे तो विरोधी पक्ष के लोगों ने उस पर हमला कर दिया। उसके सगे भाई द्वारा फावड़े से किए प्रहार में बूटा सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। इस संबंध में उसके पुत्र कुशल ने पुलिस को मामले की सूचना दी। सीओ मंडी रूपाली राव ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

बहराइच हिंसा : हाईकोर्ट ने 23 अक्तूबर तक बुलडोजर पर लगाए ब्रेक

लखनऊ, 20 अक्टूबर (एजेंसी)। बहराइच हिंसा के आरोपियों के घर बुलडोजर अभी फिलहाल 23 अक्तूबर तक नहीं चल सकेगा। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने इस पर रोक लगा दी है। शुक्रवार को इन घरों पर नोटिस चस्पा कर दिया गया था। इसमें सभी को तीन दिन का समय दिया गया था। एआर मसूदी और सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट की जनहित याचिका पर फैसला सुनाते हुए कहा कि 23 अक्तूबर तक इस पूरे मामले की जांच की जाएगी। उसके बाद यह फैसला लिया जाएगा। महसी तहसील के महराजगंज कस्बे में रविवार को पूरा दिन बुलडोजर कार्रवाई के डर में बीता। दिन भर लोग बुलडोजर चलने की आशंका में सहमे रहे हालांकि प्रशासन की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं हुई। शनिवार को लोग जहां खुद दुकान व मकान तोड़ते दिखे थे तो वहीं रविवार को भी यह सिलसिला जारी रहा। विगत 13 अक्तूबर को दुर्गापूजा के दौरान पत्थरबाजी व रामगोपाल मिश्रा हत्याकांड की घटना के बाद से महराजगंज कस्बे में सन्नाटा अभी भी पसरा है। मुख्य आरोपी अब्दुल हमीद सहित 23 लोगों के घरों पर ध्वस्तीकरण का नोटिस चस्पा किया गया था जिसके बाद से कस्बे में हड़कंप की स्थित है। हालांकि बीते दो दिनों में कुछ परिस्थितियां बदली हैं और लोगों की दुकानें खुलने लगी हैं। रविवार को महराजगंज कस्बे की मुख्य बाजार में कई दुकानें बंद रही। वहीं यही हाल कस्बे के अंदर गलियों में स्थित बाजार का भी रहा।

दिल्ली में धमाके के बाद प्रदेश में भी हाई अलर्ट

लखनऊ, 20 अक्टूबर (एजेंसी)। दिल्ली के रोहिणी में प्रशांत विहार इलाके में सीआरपीएफ स्कूल के पास कार में हुए धमाके के बाद यूपी में भी हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। दिल्ली के सीमावर्ती जिलों में संदिग्धों को दबोचने के लिए चौकसी बढ़ा दी गई है तो यूपी एटीएस भी इस घटना के पीछे शामिल संगठनों के बारे में सुराग जुटा रही है। एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि दिल्ली की घटना के बाद सभी जिलों को अतिरिक्त सतर्कता बढ़ाने का निर्देश दिया गया है।

उन्होंने बताया कि त्योहारों के दृष्टिगत पूरे प्रदेश में पहले ही अलर्ट जारी किया जा चुका था, हालांकि दिल्ली की घटना ने संवेदनशीलता बढ़ा दी है। इसके दृष्टिगत सभी जिलों को खास सतर्कता बरतने और संदिग्धों पर नजर रखने को कहा गया है। बता दें कि दिल्ली की घटना की अभी किसी संगठन ने जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन यह आशंका जताई जा रही है कि इसे अंजाम देने वाले यूपी में पनाह लेने की कोशिश कर सकते हैं। साथ ही, यूपी में भी इस तरह की घटना को अंजाम देने की साजिश रची जा सकती है। लिहाजा पुलिस समेत सभी सुरक्षा बलों के प्रतिष्ठानों, भीड़भाड़ वाले बाजारों, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, बस अड्डे आदि की सुरक्षा बढ़ाई जा रही है। वहीं एटीएस की टीमें सहारनपुर, अलीगढ़, मेरठ समेत संवेदनशील जिलों में आतंकी संगठनों के स्लीपिंग माड्यूल्स की टोह लेने में जुटी हैं। प्रशांत विहार इलाके में रविवार सुबह सीआरपीएफ स्कूल के पास हुए धमाके के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। सुबह में हुए धमाके के बाद ही आसपास के कई लोगों की नींद खुली। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले तो उन्हें सिलिंडर विस्फोट या फिर मकान गिरने का अंदेशा हुआ। लेकिन घटनास्थल के पास पहुंचने पर अहसास हुआ कि यहां पर विस्फोट किया गया है। लोगों ने बताया कि गनीमत है कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। अगर धमाका सोमवार को होता तो हताहतों की संख्या का अंदाजा लगाना मुश्किल होता। भारत अरोड़ा ने बताया कि धमाका के दौरान वह घर में थे। वह तुरंत भागकर सड़क पर पहुंचे। सड़क पर दो ढाई सौ मीटर तक कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। थोड़ी देर बाद धुआं छटा तब पता चला कि स्कूल की दीवार के पास धमाका हुआ है। उन्होंने बताया कि रविवार होने की वजह से यहां कोई नुकसान नहीं हुआ है। यहां पर लेंसर स्कूल और सीआरपीएफ स्कूल है। अन्य दिनों में घटना के समय यहां स्कूल आने वाले काफी संख्या में बच्चे और वैन वाले मौजूद होते हैं। ऐसे में धमाका होने पर यहां का नजारा काफी भयावह होता।

80 लाख रुपये का सोना लेकर भागे कारीगरों के लिए तीन टीमें गठित

मुजफ्फरनगर, 20 अक्टूबर (बु.)। सर्राफा व्यापारियों का 80 लाख रुपये का सोना लेकर गायब हुए भाईजानों के लिए रविवार को पुलिस द्वारा तीन टीमें गठित की गई। तीनों टीमें उनकी तलाश के लिए रवाना भी कर दी गई हैं। शनिवार को सर्राफा बाजार के लगभग एक दर्जन व्यापारियों ने एसएसपी से मिलकर उन्हें पश्चिमी बंगाल के रहने वाले दो आभूषण कारीगरों शराफत और साजिद के सोना लेकर गायब हो जाने की पूरी जानकारी दी थी। एसएसपी ने उक्त शिकायत को गंभीरता से लेते हुए हाथों हाथ उक्त दो कारीगरों के एक साथी को हिरासत में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी थी। उक्त साथी ने भी पुलिस को दोनों आरोपियों को पकड़ने में सहयोग का आश्वासन दिया था और रविवार को इसी के लिए तीन टीमें गठित होकर पश्चिमी बंगाल व अन्य ठिकानों के लिए रवाना हो गई हैं। पुलिस का कहना है कि पुलिस के लगातार प्रयास से जल्द ही उक्त दोनों कारीगर पुलिस की पकड़ में आते दिखाई देंगे।

बुढ़ाना में पथराव व हंगामेबाजों की धरपकड़ की तैयारी

आरोपी के घर पथराव करने वाले 25 लोगों के विरुद्ध भी मामला दर्ज

बुढ़ाना, 20 अक्टूबर (बु.)। फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट के वायरल होने के बाद आज रविवार को दिन निकलने से पूर्व ही अर्ध रात्रि एक बजे तक चले जबरदस्त हंगामे में बुढ़ाना पुलिस ने दो मामले अलग धाराओं में एक ही समुदाय के 700 अज्ञात लोगों के विरुद्ध दर्ज किए हैं, जबकि इस हंगामे का कारण बने आरोपी को भी पकड़कर संगीन धाराओं में मामला दर्ज कर जेल भेजा गया है। बुढ़ाना पुलिस ने इन सभी सवा 700 लोगों को सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों के आधार पर चिंहित कर नामजद करने का भी काम शुरू कर दिया है, जिसको लेकर हड़कंप मच गया है। अब इस मामले में एक मुकदमा बुढ़ाना पुलिस द्वारा मीरापुर उपचुनाव को लेकर लगी आचार संहिता के बाद भी रोड जाम करने और दूसरा मुकदमा आरोपी पक्ष के लोगों की तरफ से घर पर पथराव किए जाने का दर्ज हुआ है। उल्लेखनीय है कि बीते दिन कस्बे के मौहल्ला शाहवाड़ा निवासी अखिल त्यागी ने मुस्लिमों को निशाना बनाकर आपत्तिजनक पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल की। पता लगा तो जमियत उलेमा ए हिंद शाख बुढ़ाना के नगर अध्यक्ष मुफ्ती आस मोहम्मद कासमी कुछ लोगों संग चौकी पहुंचे और आरोपी के विरुद्ध तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। यह लोग बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह के पास गये, तो उन्होंने कोतवाल आनंद देव मिश्र को आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए तो पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अरेस्ट कर लिया तो सभी लोग अपने अपने घर लौट गये थे।

▶ पथराव, जाम व आपत्तिजनक नारे लगा रहे 700 लोगों के विरुद्ध संगीन धाराओं में मामला दर्ज

एसएसपी ने लिया जायजा, निकाला फ्लैग मार्च

बुढ़ाना, 20 अक्टूबर (बु.)। बीती रात की घटनाओं के बाद आज एसएसपी अभिषेक सिंह यहां पहुंचे तथा हालात का जायजा लेने के साथ मामले में आवश्यक कार्रवाई करने के आदेश दिए। शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील करते हुए एसएसपी ने फोर्स के साथ फ्लैग मार्च भी किया। बीती रात हंगामे के दौरान हुई घटनाओं को लेकर रिपोर्ट दर्ज होने के बाद अब पुलिस सीसी टीवी कैमरों व जारी वीडियो के जरिए आरोपियों की पहचान कर रही है। पुलिस ने माना है कि रात में भीड़ में कुछ लोगों ने पथराव भी किया था। ऐसे में आज एसएसपी ने यहां पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने सीसी टीवी कैमरों की फुटेज भी देखी। इसके साथ ही लोगों से अफवाहों में ना आने और शांति बनाए रखने की अपील करते हुए नगर में फ्लैग मार्च भी निकाला। इसमें प्रशासन व पुलिस के अधिकारी भी मौजूद रहे।

आरोपी को छोड़ने की अफवाह पर बिगड़े लोग

बुढ़ाना, 20 अक्टूबर (बु.)। पुलिस ने जब आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे पकड़कर हवालात में भी डाल दिया, तो किसी असामाजिक तत्व ने माहौल खराब करने के उद्देश्य से यह अफवाह फैला दी कि पुलिस ने पकड़े गये आरोपी अखिल त्यागी को किसी भाजपा नेता के दबाव में आकर छोड़ दिया तो कुछ ही देर में मुस्लिम समुदाय के हजारों लोग सड़कों पर आ गये और आपत्तिजनक नारेबाजी कर माहौल को गर्म करने का प्रयास किया। इससे पहले माहौल बिगड़ता तब जमियत उलेमा हिंद के जिला उपाध्यक्ष आसिफ कुरैशी, तहसील अध्यक्ष हाफिज शेरदीन, युवा रालोद जिलाध्यक्ष गज्जू पठान, तारिक उस्मानी ओर मुफ्ती आस मौहम्मद कासमी ने भीड़ को माइक पर शांत किया और उनको अपने अपने घर चले जाने को कहा, जिस पर भीड़ एक एक करके शांत होकर चली गयी। इस दौरान एडीएम प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह, एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापति, एसपी क्राइम, एसपी देहात आदित्य बंसल, एसडीएम राजकुमार भारती, सीओ गजेंद्र पाल सिंह, कोतवाल आनंद देव मिश्र और क्राइम इंस्पेक्टर धर्मवीर सिंह आदि मौजूद थे, जिस पर अधिकारियों ने इन लोगों की प्रशंसा की।

निर्माणाधीन मकान पर लगा 50 हजार का जुर्माना

प्रदूषण विभाग ने 72 उद्योगों को जारी किए नोटिस

मुजफ्फरनगर, 20 अक्टूबर (बु.)। जो फंस जाए वो अपराधी। यूं तो शहर में सैंकडों स्थानों पर सड़कों पर फैले विक्रेताओं के बालू और मोरंग के ढेर, नहर से खनन किए रेत की ट्रालियां, तमाम जगह अवैध खदान के बाद लाई गई मिट्टी की ट्रैक्टर-ट्रालियां और तमाम तरह का प्रदूषण फैला रहे उद्योग नजर आ जाएंगे, लेकिन आज प्रदूषण विभाग के हत्थे एक मकान निर्माता चढ़ा और उस पर विभाग ने पचास हजार का जुर्माना लगा दिया। विभाग ने केवल 72 उद्योगों को नोटिस देकर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली।

दो बार प्रदूषण को लेकर देश में टॉप आ चुके शहर में प्रदूषण विभाग की नींद खुली तो हैं पर इसका तरीका भी अजीब रहा। विभाग का दावा है कि दीपावली से पहले बढ़ते प्रदूषण के स्तर को रोकने की दिशा में शुरू कवायद के बीच रविवार को जिले का एक्यूआई घट गया। रविवार शाम को एयर क्वालिटी इंडेक्स 192 दर्ज किया गया। हालांकि प्रदूषण बढ़ने पर ग्रेप लागू होने के चलते शहर में निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने पर एक मकान स्वामी पर पचास हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। वहीं 72 औद्योगिक इकाइयों को नोटिस जारी किए गए हैं। मुजफ्फरनगर में एयर क्वालिटी इंडेक्स 350 तक पहुंचने के चलते ग्रेप सिस्टम लागू हो गया है। इसमें बड़े निर्माण कार्यों को बंद करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। हालांकि प्रदूषण विभाग ने इस तरह की कोई सूचना मीडिया के माध्यम से जन सामान्य को नहीं दी। इसके बाद आज एक मकान निर्माण करा रहा मालिक विभाग के फंदे में फंसा तो उस पर पचास हजार रुपये जुर्माना ठोंकने के साथ 72 औद्योगिक इकाइयों को नोटिस जारी कर कोयला आदि प्रदूषण फैलाने वाली वस्तुओं को नहीं जलाने के निर्देश है। इसके साथ ही 500 गज से ज्यादा की निर्माण साइटों को भी बंद करने के निर्देश जारी हुए। इस बीच शहर के द्वारिकापुरी स्थित एक निजी मकान में निर्माण कार्यों में बड़ी लापरवाही सामने आई है। क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी अंकित सिंह ने बताया कि मौ. द्वारिकापुरी में एक निजी मकान के निर्माण में लापरवाही मिलने और डस्ट आदि निर्माण सामग्री को ढककर नहीं रखने उसे उड़ाकर वातावरण में मिलने के चलते क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने 50 हजार रुपए जुर्माना लगाया है। अब सवाल यह है कि अगर 72 उद्योग प्रदूषण फैला रहे हैं तो नोटिस देने मात्र से क्या विभाग ने अपना कर्तव्य पूरा कर लिया है, या विभाग नोटिस देकर दिवाली मनाने की तैयारी कर रहा है।

वेतन भुगतान न करने पर घेरा चेयरपर्सन आवास, किया प्रदर्शन

मुजफ्फरनगर, 20 अक्टूबर (बु.)। आपदा में अवसर व मौके का फायदा उठाने जैसी कहावत रविवार सुबह उस वक्त चरितार्थ होती दिखाई दी, जब त्यौहारी सीजन के बीच में दर्जनों सफाई कर्मियों ने कूड़ा वाहनों के साथ वेतन न दिए जाने के आरोपों के बीच चेयरपर्सन आवास का घेराव कर दिया। कंपनी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने चेयरपर्सन से उनका वेतन दिलाने की मांग की। हंगामे की सूचना पर मौके पर पहुंचे कंपनी के लोगों के साथ चेयरपर्सन ने सहमति बनाने के साथ दो दिन में वेतन दिए जाने का आश्वासन दिया, तब कहीं जाकर सफाई कर्मचारी अपने वाहन लेकर काम पर लौटे। इस बीच करीब दो घंटे सफाई कार्य प्रभावित रहा। कर्मियों का आरोप है कि उन्हें कई माह से उक्त कंपनी ने वेतन नहीं दिया।

कंपनी के 2 दिन के आश्वासन के बाद शुरू हुई सफाई व्यवस्था

पालिका प्रशासन द्वारा शहरी क्षेत्र में प्राईमरी व सेकंड्री प्वाइंट से कूड़ा निस्तारण के लिए निजी क्षेत्र में एमआईटूसी सिक्योरिटी एण्ड फैसिलिटीज प्रा. लि. दिल्ली से अनुबंध किया है। कंपनी के साथ प्राईमरी कूड़ा कलेक्शन के लिए कार्य कर रहे टिपर वाहन चालकों, सुपरवाइजरों व सफाई कर्मचारियों ने रविवार की सुबह कामबंद कर हड़ताल कर दी। गारबेज टिपर वाहनों को लेकर कर्मचारी सवेरे नई मंडी पटेलनगर स्थित पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के आवास पर पहुंचे और वाहनों को वहीं पर खड़ा कर प्रदर्शन किया। इन कर्मचारियों ने चेयरपर्सन के समक्ष समस्या रखते हुए उनको कंपनी से कई माह से वेतन नहीं दिया जा रहा है, जबकि त्यौहारी सीजन होने के कारण वो आर्थिक संकट में घिरे हुए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि वेतन नहीं दिया गया तो वो कामबंद हड़ताल कर देंगे। इस मामले में चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कंपनी के लोगों को भी तलब किया और कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर

कंपनी का 1.84 करोड़ रुपए भुगतान लटकने पर बढ़ा संकट

मुजफ्फरनगर, 20 अक्टूबर (बु.)। पालिका संग सफाई कार्य कर रही एमआईटूसी कंपनी को पालिका के शहरी क्षेत्र में कूड़ा निस्तारण के लिए अनुबंध के आधार पर 92 लाख रुपए माह का भुगतान कर रही है। कंपनी शर्त के अनुसार 55 वार्डों से टिपिंग फीस वसूल कर पालिका कोष में जमा कराने का काम कर रही है। ऐसे में कंपनी का दो माह का भुगतान लम्बित हो जाने से आर्थिक संकट गहराया है। कंपनी सेकेंड्री प्वाइंट इंचार्ज कुलदीप सिंह ने बताया कि पालिका ईओ अवकाश पर चल रही है और कंपनी में पालिका से दो महीने के भुगतान के रूप में 1.84 करोड़ रुपये जारी नहीं किए हैं। इसी कारण वेतन देने में समस्या उत्पन्न हो रही है। एक जोन के करीब 200 कर्मियों को कंपनी वेतन दे चुकी है और इतने ही कर्मचारियों का वेतन लम्बित है, जो दो दिनों में देने पर सहमति बनी है। सोमवार को संभवतः ईओ काम पर लौट रही हैं और मंगलवार तक कंपनी वेतन का भुगतान कर्मियों को कर देगी।

इन्होंने कहा-

चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि पालिका कर्मचारियों के हितों से समझौता नहीं करेगी। कर्मियों को वेतन तत्काल जारी करने के लिए कंपनी अफसरों को निर्देशित किया है। यदि दो दिन में वेतन जारी नहीं किया गया तो कंपनी के खिलाफ एक्शन लेने से पीछे नहीं हटेंगे।

उधर, एमआईटूसी कंपनी के परियोजना प्रबंधक पुष्पराज सिंह ने बताया कि कंपनी 3 जोन में 55 वार्डों में प्राईमरी और सेकेंड्री प्वाइंट से कूड़ा कलेक्शन और निस्तारण का कार्य कर रही है। इसके लिए कंपनी के साथ दोनों वर्गों के कार्य के लिए करीब 400 कर्मी काम कर रहे हैं। सितम्बर माह का वेतन लम्बित हैं। इसमें सेकेंड्री जोन के कर्मचारियों को 16 अक्टूबर को वेतन जारी कर दिया है। जबकि अन्य जोन के कर्मियों के वेतन भुगतान का प्रयास किया जा रहा है। इसी बीच दिवाली बोनस के रूप में सभी कर्मियों को कंपनी द्वारा दो दो हजार रुपये का भुगतान किया जा चुका है।

पागल हुई घोड़ी ने कई लोगों को काटा

गांव सलेमपुर में घायल घोड़ी व घायल घोड़ी को काबू करते ग्रामीण

कांधला, 20 अक्टूबर (बु.)। कांधला थाना क्षेत्र के गांव नई बस्ती सलेमपुर मार्ग के निकट पागल हुई घोड़ी ने अपने आप व अन्य लोगों को काटकर घायल कर दिया। ग्रामीण ने कड़ी मशक्कत के बाद घोड़ी को बेहोश कर काबू पाया, जिसके चलते ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। कांधला देहात नई बस्ती सलेमपुर मार्ग निवासी इरफान घोड़ी बग्गी चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता है। रविवार की सुबह इरफान घोड़ी बग्गी को मजदूरी के लिए लेकर जा रहा था, अचानक घोड़ी ने अपना मानसिक संतुलन खोते हुए खुद को दातों से काटना शुरू कर दिया, जिससे घोड़ी बुरी तरह से घायल हो गई। आसपास के ग्रामीण रोकने का प्रयास किया, तो घोड़ी ने ग्रामीणों को भी घायल कर दिया, जिससे मौके पर अफरा तफरी का माहौल बन गया। आसपास के लोग जान-बचाकर मौके से इधर-उधर भागने लगे। कुछ देर बाद आस पड़ौस के लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद पागल घोड़ी को रसों की मदद से बांध लिया। सूचना पर पहुंचे डॉक्टर ने पागल घोड़ी को नींद का इंजेक्शन लगाकर शांत कराया तथा घोड़ी का उपचार शुरू कर दिया। घोड़ी के शांत हो जाने के बाद बस्तीवासियों ने राहत की सांस ली।

बसपा ने शाह नजर पर ही जताया भरोसा, रालोद का नाम आज आने की उम्मीद

मुजफ्फरनगर, 20 अक्टूबर (बु.)। मीरांपुर विधानसभा उप चुनाव के लिए बसपा ने अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया। रालोद की उम्मीदवार की घोषणा कल(आज) किए जाने की संभावना है। मीरांपुर उप चुनाव के लिए तैयारियों के बीच बहुजन समाज पार्टी ने आज पहले से घोषित प्रभारी शाह नजर को ही उम्मीदवार बनाने का ऐलान किया है। सूत्रों के अनुसार बसपा सुप्रीमो ने आज उन्हें सिंबल भी दे दिया। अब सपा व बसपा के साथ ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के उम्मीदवार तय हो चुके हैं। ऐसे में सबकी निगाह रालोद-भाजपा गठबंधन प्रत्याशी पर लगी है। माना जा रहा है कि आज त्यौहार के चलते मामला ठंडा रहा। हालांकि तमाम दावेदार दिल्ली में रालोद अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी की शरण में हैं। जानकार सूत्रों का कहना है कि सपा और बसपा के उम्मीदवारों के नाम साफ होते ही अब रालोद-भाजपा गठबंधन कल अपने उम्मीदवार का ऐलान कर सकता है। अभी तक कोई भी नामांकन नहीं हुआ है। कल से नामांकन में तेजी आने की उम्मीद है। 25 अक्टूबर तक नामांकन होने हैं।

ब्यूटी संवारने के लिए ड्यूटी पर जुटे रहे पार्लर

ब्यूटी पार्लरों पर सजने संवरने को चली अंतिम दौर की घमाघसी

मुजफ्फरनगर, 20 अक्टूबर (बु.)। करवा चौथ के पर्व को लेकर ब्यूटी पार्लरों पर कई दिनों से चल रही व्यस्तता आज चरम पर रही। मेहंदी आदि सजाने के काम तो बीती देर रात तक चले। आज युवाओं से लेकर प्रौढ महिलाओं में भी अपने साजन के लिए संवरने का क्रेज सर चढ़कर बोला। ऐसे में आज ब्यूटी पार्लरों के सामने भी सबसे बड़ा लक्ष्य था, चंद्र दर्शन से पूर्व अपने कार्य संपन्न कर लेना। ऐसे में वहां सजने संवरने आई महिलाओं को काफी इंतजार के बाद मौका मिल पाया। इसके बाद घर आंगनों में रुपहले परिधानों में यौवनाएं पर्व की उमंग को छूने की ललक लिए नजर आईं।

करवा चौथ का पर्व कई दिनों से ब्यूटी पार्लरों के लिए बेहद व्यस्त था। मेहंदी पार्लर तो देर रात तक अपने काम में जुटे रहे। ऐसे आज इन पार्लरों पर कोई काम नहीं था, लेकिन ब्यूटी पार्लरों पर कई दिनों से चल रही सौंदर्य संवारने की व्यवस्था आज फाइनल टच में थी। ऐसे में पुरानी चली आ रही बुकिंग के साथ नए कस्टमर को अटैंड करना संचालिकाओं के लिए काफी मुश्किल भरा काम था। इसमें भी खास बात यह थी कि सभी काम सात बजे के करीब तक पूरे करने थे, क्योंकि इसके बाद घरों में पूजन तथा चंद्र दर्शन की उस व्यवस्था को देखना था, जिसके लिए यह उपक्रम काफी समय से चल रहा था। नव यौवनाओं के साथ तमाम महिलाओं में इस दिन सजने संवरने का उत्साह दिखाई दिया। हालांकि आज भी बड़ी संख्या में ऐसा वर्ग है जो ब्यूटी पार्लर की महंगी मार से दूर अपने घरों में रहकर ही सजने संवरने का काम करता है। पर्व के लिए कई दिनों से सौंदर्य प्रसाधन, चूडियां, आभूषण और हैसियत के हिसाब से परिधान खरीदने का दौर चल रहा था। आज बड़ी संख्या में महिलाओं ने पर्व के लिए तैयार होने का काम अपने घर पर ही किया। ऐसे में परिवार में भाभियां, ननदें और पडौस की महिलाएं एक दूसरे की सहायक बनीं। त्यौहार के बहाने इस उपक्रम में आपसी सहयोग का एक अनूठा उदाहरण भी बना।

किया चांद का दीदार, खुशहाली से मनाया करवाचौथ का त्यौहार